## खबर संक्षेप

### जलगंगा अभियान के तहत जयसिंहनगर में जागरूकता चौपाल



**शहडोल।** केंद्र एवं राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी जलगंगा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद जयसिंहनगर द्वारा एक विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान सागर तालाब में विधिवत पूजन-अर्चन से हुई, जिसके बाद जल संवर्धन, जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर जनजागरूकता हेतु चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद जयसिंहनगर की अध्यक्ष सुशीला चक्रधारी शुक्ला ने की। इस अवसर पर अंत्योदय समिति के अध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, नगर परिषद उपाध्यक्ष संपत कुमार मिश्रा, आदेश शुक्ला राजा, पार्षदगण नीरज शर्मा, शिवानी राजन उपाध्याय, फूलमती बैगा, कैलाश बैगा, रनिया बैगा, सुरेंद्र राव,गुड़िया परदेशी अहिरवार,दीपक बैगा, दिवाकर पयासी भाजपा नेता राम नारायण पाण्डेय, राजेश द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, पंकज गुप्ता तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर एवं इंजीनियरिंग राधारामण द्विवेदी ,सुनीता बैगा,ऋषि द्विवेदी तथा समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान वक्ताओं ने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया और आम नागरिकों से अपने दैनिक जीवन में जल की बचत करने, जल स्रोतों को साफ रखने तथा वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में हनुमान मंदिर परिसर और तालाब घाट की साफ-सफाई भी की गई, इस आयोजन ने स्थानीय नागरिकों को जल और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का सकारात्मक संदेश दिया।

### चंदोला मे हाथियों के उत्पात से गेहूं की फसल नष्ट

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात बढ़ता जा रहा है, जिससे चंदोला गांव के किसानों की गेहूं की फसल को व्यापक नुकसान हुआ है। वन विभाग ने इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए गांव में मुनादी करवाई गई है, ताकि स्थानीय निवासियों को इस बारे में जागरूक किया जा सके। पिछले कुछ समय से चंदोला गांव और आसपास के इलाकों में हाथियों के कारण किसानों में चिंता बढ़ गई है। हाल ही में, हाथियों ने कई खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को बर्बाद कर दिया, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पुलिस और वन विभाग की टीमों ने सोमवार की शाम को समधिन नदी के किनारे हाथियों के झुंड को देखा, जब वे शहडोल-रीवा मार्ग पर विचरण कर रहे थे। जिसे देखकर कुछ लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में इस नजारे को कैद किया तो कुछ लोग डर के मारे वहां से भाग खड़े हुए। वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंची और सुनिश्चित किया कि हाथी जंगलों की ओर वापस लौट जाएं। वन विभाग के एसडीओ ने यह भी बताया कि हम नुकसान का पंचनामा तैयार कर रहे हैं, ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजे की राशि दिलाई जा सके। हालांकि जंगली हाथियों द्वारा फसल को होने वाले नुकसान की समस्या गंभीर है, लेकिन वन विभाग का मानना है कि हाथियों की सुरक्षा भी महत्वपूर्ण है। वन्य जीवन के संरक्षण के लिए जरूरी है कि मानव और वन्य जीवों के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। वन विभाग ने स्थानीय किसानों से अपील की है कि वे धैर्य बनाए रखें और हाथियों के प्रति संवेदनशील रहें। एसडीओ रेशम सिंह धुर्वे ने बताया कि हमारी तीन टीमें इस क्षेत्र में हाथियों की निगरानी के लिए सक्रिय हैं। पिछले कुछ महीनों से हाथियों का एक झुंड यहां विचरण कर रहा है, जिसकी संख्या डेढ़ दर्जन से अधिक है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान एवं अपनी मिट्टी अपना

# जल नवाचार की कलेक्टर व्दारा की गई समीक्षा

**पीपुल्स प्रवक्ता, उमरिया।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त नगरीय निकायों में कार्यक्रम आयोजित करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश फोटो 9 उमरिया 15 अप्रैल । प्रदेश शासन के आव्हान पर उमरिया जिले में प्रारंभ हुए जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि ग्रामीण अंचलों के साथ ही अब जिले के समस्त नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जाए। उन्होने समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से कहा है कि अपने क्षेत्रांतर्गत नदी, तालाबों, कुओं का चिन्हांकन करें तथा जन सहयोग के माध्यम से घाट की साफ सफाई, सौंदर्यीकरण का कार्य करें। उन्होने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों, समाज सेवियों, पत्रकारों, स्वयं सेवी संस्थाओं, स्व समूह की महिलाओं को आमंत्रित किया जाए। उन्होने अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में मिट्टी के कटाव एवं पानी के बहाव



को संरक्षित करने के उद्देश्य से बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी उपयंत्री स्थल का चयन कर लें तथा बोरी बंधान में कितनी बोरियां लगनी है , उसका आंकलन भी कर लें । जल की एक एक बूंद को सहेजने में अपनी मिट्टी अपना जल कार्यक्रम मील का पत्थर साबित हो, इस दिशा में कार्य करें। उन्होने बताया कि जिले में प्रवाहित होने वाली छोटी, बडी जल संरचनाओ का सर्वेक्षण किया जाकर बोरी बंधान उपयुक्त स्थल का चयन विभिन्न तकनीकी अमले के माध्यम से कराया जाएगा । चयनित स्थल पर जनसहयोग के माध्यम से तकनीकी अधिकारियों के निर्देश में विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित कर कार्य कराया जाएगा । इस कार्य में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, संगठनों, स्वयं सेवी संस्थानों, महिला स्व सहायता समूहो, समाजिक संगठनों का सहयोग लिया जाए । अपनी मिट्टी अपना जल कार्यक्रम के तहत करकेली विकासखंड में 86 जगहों पर , मानपुर विकासखंड में 137 जगहो पर तथा पाली विकासखंड में 18 स्थलों को चिन्हांकित किया गया है । बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. कोर्स वर्क का उद्घाटन सत्र सम्पन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल में पी.एच.डी. कोर्स वर्क 2024-2025 के लिए उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शोधार्थियों के लिए एक नई यात्रा की शुरुआत के रूप में देखा गया, जिसमें ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रूप से मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मंत्रोच्चारण और वैदिक परंपरा के अनुसार हुई इस आरंभिक क्रिया ने पूरे सभागार को एक दिव्य और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत कर दिया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर रामशंकर ने अपने सारगर्भित वक्तव्य में शोध के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, शोध न केवल ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि समाज के समक्ष उपस्थित जटिल समस्याओं का समाधान भी प्रस्तुत करता है। शोधार्थियों को अपने विषयों के प्रति गहनता से जुड़कर कार्य करना चाहिए, जिससे उनकी खोजें समाजोपयोगी बन सकें। उन्होंने आगे कहा कि ÷विश्वविद्यालय का उद्देश्य सिर्फ डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि ज्ञान का संवर्धन और नवाचार को प्रोत्साहित करना है।÷ उन्होंने शोध की नैतिकता, मौलिकता और अनुशासन पर भी बल दिया। सभी छात्रों से उनके पास जाकर शोध की प्रखर चर्चा की। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रमोद पाण्डेय ने शोध की प्रक्रिया, उसकी संरचना और गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शोध के दौरान आने वाली चुनौतियों तथा उनसे निपटने के उपायों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ÷शोध एक सतत प्रक्रिया है जो केवल पुस्तकालयों या लैब तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक यथार्थ से भी जुड़ी होती है। कार्यक्रम की संयोजक प्रो. सुनीता बाथरे ने पी.एच.डी. कोर्स वर्क की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि कोर्स वर्क में शोध पद्धति, शैक्षणिक लेखन, आंकड़ों का विश्लेषण, शोध नैतिकता आदि जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया है, जिससे शोधार्थियों की बौद्धिक क्षमता और शोध कौशल का विकास हो सके। सह-संयोजक डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी विशिष्टजनों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, यह कोर्स वर्क शोध के प्रथम चरण का महत्वपूर्ण पड़ाव है, और हम सभी मिलकर इसे गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी बनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. संतोष पुरी ने अत्यंत संयमित, सहज और प्रभावशाली शैली में किया। उनके कुशल संचालन से कार्यक्रम में अनुशासन और प्रवाह बना रहा, जिससे सभी वक्ताओं के विचार प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत हो सके।कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ मनीषा तिवारी विभागाध्यक्ष अंग्रेजी,डॉ चेतना सिंह विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र परिसर प्रभारी प्रो गीता सराफ,डॉ गंगाधर ढ़ोके विभागाध्यक्ष हिन्दी,प्रो नीलिमा खरे विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र ,एवं डॉ गणेश सैंड्या एन सीसी प्रमुख एवं डॉ अंजनी सूर्यवंशी उपस्थित थे।

## तहसील एवं जनपद मुख्यालय के दो महिला प्रमुख अधिकारियो का स्थानांतरण होने पर स्टॉप ने रखा विदाई समारोह

### तहसीलदार बनी एसडीएम सीईओ बनी तहसीलदार

**जगदीश प्रसाद मंडले**
**पीपुल्स प्रवक्ता,बनखेड़ी**

मुख्यालय के प्रमुख अधिकारी तहसीलदार और जनपद सीईओ का स्थानांतरण होने पर मंगलवार को जनपद पंचायत के सभा कक्ष में जनपद स्टाफ में पंचायत इंस्पेक्टर प्रभारी टीकाराम कुमरे ब्लॉक सामान्य वय आशीष चौधरी, 53 ग्राम पंचायत के रोजगार सहायक एवं समस्त सचिव, वहीं दूसरी ओर राजस्व विभाग के राज्यसवा निरीक्षक चुन्नीलाल धुर्वे एवं समस्त पटवारी गण द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद स्टाफ और राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा दोनों अधिकारियों को पुष्प गुच्छ और उपहार स्वरूप भेंट दी गई। वहीं सोहागपुर की नवगत नायब तहसीलदार सुश्री अंजू लोधी ने बनखेड़ी तहसीलदार का प्रभार ग्रहण कर लिया है।

बता दें कि प्रशासन ने प्रशासनिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। प्रशिक्षु बनखेड़ी जनपद सीईओ प्रभारी डिप्टी कलेक्टर प्रियंका भलावी को इटारसी नया तहसीलदार नियुक्त किया गया है।

वहीं बनखेड़ी तहसीलदार अलका इक्का का प्रमोशन पर अनुविभागीय दंडाधिकारी के पद बैतूल का कार्य संभालेंगी। जिला प्रशासन द्वारा की गई ये



सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। जिला नर्मदा पुरम के अंतर्गत पिपरिया विधानसभा क्रमांक 139 कि जनपद पंचायत बनखेड़ी एवं तहसील में जिम्मेदार अधिकारी लगभग 6 से 8 माह तक रुख पाते हैं और प्रभारी प्रभारी में ही पूरा समय ही निकाल देते हैं जब से भाजपा डॉ मोहन यादव की सरकार का गठन हुआ है। तब से जनपद पंचायत बनखेड़ी में फूल पावर का सीईओ पदर्शित नहीं हो पा रहे हैं। और नाही तहसील में जिससे प्रभारी अधिकारियों को उतना पावर नहीं है।

जो फूल फ्रेश अधिकारी को रहते हैं इसी प्रकार से बनखेड़ी ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है जिससे आम जनता की अच्छी तरह से ट्रेनिंग हो जाती है अधिकारी की तो नहीं भोले भाले किसने की ट्रेनिंग हो जाती है क्षेत्र के किसानों से मिली जानकारी के अनुसार बनखेड़ी तहसील का प्रभार श्रीमती अलका इक्का द्वारा संभाला था तब से किसान हो चाहे छोटे लोग क्यों ना हो उनके तत्काल नियम अनुसार कार्य किए गए हैं जिससे तहसील में भीड़ पब्लिक की नहीं देखी गई है अब तहसील एवं जनपद से संबंधित कार्य असंभव होना प्रतीत होता है। आब देखना यह है कि फूल फ्रेश अधिकारी कब तक शान नियुक्त करती है यह तो शासन प्रशासन की व्यवस्था के अनुसार किया जा सकता है।

## सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

### एथलीट्स प्रतियोगिताओं में 9 स्वर्ण और 4 रजत पदकों के साथ जीत दर्ज कर बढ़ाया विद्यालय का मान

**बिलाल अहमद**
**पीपुल्स प्रवक्ता, अनूपपुर।**

सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरकंटक में आयोजित विद्या भारती की विभाग (संभाग) स्तरीय एथलेटिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में अनूपपुर जिला केंद्र के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुल 9 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतिभागियों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा-

शिशु वर्ग से यश गोसवामी ने 50 मीटर एवं 100 मीटर दौड़ में पहला स्थान पाकर 2 स्वर्ण पदक प्राप्त किए,किशोर वर्ग से हेमराज पटेल ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ में पहला स्थान (2 स्वर्ण), तथा बाधा दौड़ (110 मीटर) और रिले दौड़ (400 मीटर) में दूसरा स्थान (2 रजत) प्राप्त किया,तरुण वर्ग से अनिकेत कुमार नाविक ने 400 मीटर बाधा दौड़ में पहला (1 स्वर्ण), तथा 800 मीटर और रिले दौड़ में



दूसरा स्थान (2 रजत) प्राप्त किया, इमानवेललाल ने 100 मीटर दौड़ और हैमर थ्रो में पहला स्थान प्राप्त कर 2 स्वर्ण जीते। राहुल कोल ने 200 मीटर एवं 110 मीटर बाधा दौड़ में पहला स्थान पाकर 2 स्वर्ण पदक हासिल किए। इन प्रतिभागियों को विभाग द्वारा स्वर्ण, रजत पदक और प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया।विद्यालय के व्यवस्थापक श्री आदर्श दुबे ने प्राचार्य श्री सतीश सिंह एवं खेल प्रभारी दीपक पटेल जी को शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में विद्यालय के भैया-बहिन राष्ट्रीय स्तर पर भी परचम लहराएंगे।उन्होंने कहा, खेल-कूद केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक कौशलों का भी संपूर्ण विकास करता है। यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व के गुण सिखाता है। अब ये विजेता प्रतिभागी महाकौशल प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर परिवार और जिलेवासियों ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## ट्रैक्टर सहित अवैध रेत और कोयला जप्त

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

जिले में अवैध खनिज परिवहन और भंडारण के विरुद्ध पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही जारी है। बीते दिन जयसिंहनगर और अमलाई थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग मामलों में अवैध रूप से लाए और रखे गए खनिजों को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध बी.एन.एस., मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। सोमवार को थाना जयसिंहनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ढोलर की ओर से एक ट्रैक्टर रेत लोड कर अवैध रूप से जयसिंहनगर की तरफ बिक्री हेतु आ रहा है। मुखबिर की सूचना पर तत्परता दिखाते हुए पुलिस टीम ने बंधा बाजार के पास घेराबंदी की, जहां एक संदिग्ध ट्रैक्टर को रोका गया। पूछताछ पर चालक ने अपना नाम आयुष राव पिता स्व. राजेश राव उम्र 21 वर्ष निवासी जयसिंहनगर बताया। रेत संबंधी दस्तावेज मांगने पर वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने ट्रैक्टर सहित लोड रेत को जप्त कर लिया और आरोपी के विरुद्ध बी.एन.एस., मोटर व्हीकल एक्ट एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जयसिंहनगर के मार्गदर्शन में सउनि. संतोष कुमार मिश्रा और आरक्षक रोहित यादव की विशेष भूमिका रही।

इसी दिन थाना अमलाई क्षेत्रांतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम बटुरा निवासी रमेश चौधरी द्वारा सोन नदी के किनारे से अवैध रूप से कोयला खनन कर अपने घर के पीछे बाड़ी में बिक्री हेतु छिपा कर रखा गया है।

# कलेक्टर ने किया 110 आवेदनों का निराकरण

### सीमांकन, वेतन वृद्धि, पेयजल, किसान सम्मान निधि आदि प्रकरणों के समाधान के लिए जिला अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**पीपुल्स प्रवक्ता ,बनखेड़ी।**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान कलेक?टर सोनिया मीना द्वारा 110 नागरिकों की समस्याएं सुनी गई एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर उनका यथोचित निराकरण किया गया। जनसुनवाई के दौरान माखन नगर निवासी पशुपालक किसान सौरव यादव के केसीसी प्रकरण का निराकरण करते हुए कलेक्टर ने एलडीएम एवं उपसंचालक पशुपालन विभाग नर्मदापुरम को निर्देश दिए की आवेदनकर्ता को समस्या का समाधान शीघ्र किया जाए साथ ही जो भी कागजी कार्यवाही शेष है वह भी त्वरित रूप से पूरी कराई जाए। तक संबंध में एलडीएम श्री आरडी वघेला द्वारा संबंधित बैंक मैनेजर से संपर्क कर केसीसी बनाए जाने में आ रही समस्या का समाधान करते हुए आवेदनकर्ता श्री यादव के





केसीसी प्रकरण का निराकरण किया गया। आवेदनकर्ता श्री यादव द्वारा बताया गया कि पिछले एक माह से पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड नहीं बन पा रहा था। जनसुनवाई में आज आवेदन प्रस्तुत करने के उपरांत कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देश अनुसार लीड बैंक मैनेजर द्वारा संबंधित बैंक अधिकारी से चर्चा कर समस्या का समाधान कर दिया गया है। उन्होनें कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया।इसी प्रकार तहसील डोलरिया के ग्राम आमूपुरा निवासी जमना प्रसाद के किसान सम्मान निधि की राशि प्रदान किए जाने के आवेदन पर कलेक्टर द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े तहसीलदार डोलरिया को निर्देशित किया गया कि आवेदनकर्ता की भूमि रिकॉर्ड का परीक्षण कर शीघ्र ही नियमानुसार योजना का लाभ उपलब्ध कराए जाने की कार्यवाही पूरी की जाए। कलेक्टर सुश्री मीना ने पचमढ़ी निवासी जयप्रकाश साहू की पेंशन रिकॉर्ड में धर्मपत्नी का नाम सुधार करने की समस्या का समाधान करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि आवेदनकर्ता से समस्त दस्तावेजों प्राप्त कर तथा उनका प्रशिक्षण उपरांत नाम सुधारने की कार्यवाही पूरी की जाए तथा उक्त संबंध में आवश्यकता पड़ने पर लीड मैनेजर की भी सहायता ली जाए।

सिवनी मालवा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत ढेकना के ग्राम वासियों द्वारा नल जल योजना चालू किए जाने की मांग का समाधान करते हुए ईई पीएचई को निर्देश दिए की ग्राम वासियों की पेयजल संबंधी समस्या का शीघ्र निराकरण करें। साथ ही की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन आगामी 1 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी कॉलोनी कोठी बाजार के समीप नलों से गंदा पानी आने की समस्या के आवेदन का परीक्षण करते हुए ईई पीडब्ल्यूडी तथा सीएमओ नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि पेयजल संबंधी समस्या में अभिलंब कार्यवाही करते हुए पेयजल आपूर्ति दुरुस्त की जाए।इसी प्रकार कलेक्टर सुश्री मीना ने जनसुनवाई में आए सभी आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों की समस्याओं का समय बद्ध एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने पूर्व लंबित जनसुनवाई प्रकरणों की भी समीक्षा की।जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री सौजान सिंह रावत, संयुक्त कलेक्टर संपदा सराफ, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।